आकाशवाणी श्री विजयपुरम

13.06.2025 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की।
- योग दिवस 2025 सिर्फ आसनों की प्रस्तुति नहीं, बल्कि यह जीवनशैली के लिए आंदोलन का रूप लेगा।
- द्वीपसमूह में इक्कीस जून को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
- खराब मौसम के चलते मछुआरों को सत्रह जून तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल गए और एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि अहमदाबाद में हुए हवाई हादसे से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। श्री मोदी ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और वहां पर बचाव कार्यों में लगे अधिकारियों और अन्य लोगों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। बाद में प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की याद में आज "शोक सभा" का आयोजन किया गया। श्री विजयपुरम स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित शोक सभा में पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदर, प्रचार समिति के अध्यक्ष जी भास्कर, अन्य पार्टी नेता, पार्षद, जिला परिषद सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित थे। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को देश–दुनिया के लिए एक वैश्विक वेलनेस मूवमेंट करार देते हुए जनता को योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ के विषय के अंतर्गत भाग लेने का आहवान किया है। इस वर्ष 21 जून को प्रधानमंत्री स्वयं सामुदायिक योगा प्रोटोकॉल की मेजबानी करेंगे, जहां लगभग 5 लाख लोग एक साथ योग करेंगे। इस अवसर पर आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि पूरे देश में 1 लाख से अधिक स्थानों पर योग संगम सत्र समन्वित रूप से आयोजित होंगे। इस आयोजन से सरकारी, गैर सरकारी, संस्थागत, युवा एवं वरिष्ठ सभी वर्गों में योग संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। इस वर्ष का योग जिसमें सिर्फ आसनों की प्रस्तुति नहीं, बल्कि यह योग जीवनशैली के लिए आंदोलन का रूप लेगा। इस अवसर पर जगह–जगह कई तरह के कार्यक्रमों के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने हैडो में भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हुए घर के लिए एक लाख बीस हजार रुपये की अनुग्रह राशि मंजूर की है। ज़िला उपायुक्त ने राहत देते हुए दानैया और डी. पापा राव को यह राशि प्रदान की। यह वित्तीय सहायता प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित व्यक्तियों की सहायता के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के प्रावधानों के तहत दी जाती है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान में शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की दिशा में कदम उठाते हुए, दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने जिला परिषद विवेकानंद केंद्र विद्यालय के निर्माण के लिए मंगलुटान गांव में एक हेक्टेयर भूमि आवंटित की है। लंबे समय से लम्बित मांग के पूरा होने पर दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। वि के वि स्कूल की स्थापना के लिए भूमि के आवंटन से मंगलुटान, गुप्तापाड़ा, वंडूर, सिप्पीघाट और गाराचरमा सहित अन्य क्षेत्रों के छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से इक्कीस जून को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत श्री विजयपुरम के ज़िला न्यायालय भवन, उप–विभागीय कोर्ट परिसर मायाबंदर तथा डिगलीपुर के सर्किट कोर्ट में आयोजित होगा। लोक अदालत में धारा एक सौ अड़तीस के अंतर्गत राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड अधिनियम के मामले, धन वसूली के मामले, श्रम विवाद, बिजली और पानी के बिल संबंधी विवाद, भरण–पोषण के मामले, सिविल विवाद और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत आने वाले विवादों का निपटान किया जाएगा, जिन लोगों के विवाद मुकदमें पूर्व या मुकदमे पश्चात स्तर पर है, उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान उनके समाधान की सुविधा के लिए सोलह जून तक श्री विजयपुरम के ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव को लिखित रूप में आवेदन जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><>

मत्स्य विभाग ने मछली पालन गतिविधियों के लिए समुद्री क्षेत्रों को पट्टे पर देने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए मछुआरे, मत्स्य से जुड़े किसान, श्रमिक, विक्रेता, उद्यमी, निजी फर्म, स्वयं सहायता समूह, मत्स्य सहकारी समितियां, संयुक्त देयता समूह और मछली किसान उत्पादक संगठन और कंपनियां आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र, चिन्हित समुद्री क्षेत्रों की सूची और विस्तृत नियम एवं शर्तें प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक आवेदक सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पन्द्रह जुलाई तक मत्स्य निदेशालय, क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय और मत्स्य निदेशालय के ई–मेल पर जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–सत्ताईस बैच के लिए वेसल नेविगेटर और मरीन फिटर पर चयनित उम्मीदवारों को करियर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कोच्चि, चेन्नई और विशाखापत्तनम में स्थित मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, का केंद्रीय मत्स्य पालन नौवहन और इंजीनियरिंग प्रशिक्षण संस्थान यह प्रशिक्षण प्रदान करता है। जिन विद्यार्थियों ने गणित और विज्ञान में अलग–अलग चालीस प्रतिशत अंकों के साथ दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की है, वे इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। मछुआरा समुदाय के इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन कल तक मरीन हिल स्थित मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक श्री विजयपुरम में सतावन दशमलव पांच मिलीमीटर, मायाबंदर में इक्यावन, हटबे में चालीस, कार निकोबार में बाईस, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में ग्यारह दशमलव दो, लांग आइलैंड में छः दशमलव आठ और ननकौड़ी में छः दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल और पन्द्रह जून को द्वीपों के एकाध भागों में तेज हवाएं चलने और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति पैंतीस से पैंतालीस किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी, जो बढ़कर पचपन किलोमीटर प्रतिघंटा तक चल सकती है। समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को सत्रह जून तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी ने आज वंडूर, गुप्तापाड़ा, मंगलुटान और मंजरी में विभिन्न चल रहे विकास कार्यों के साथ–साथ प्रस्तावित नए कार्य स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कार्यकारी अभियंता, उनकी टीम और संबंधित पंचायती राज संस्था के सदस्य भी मौजूद थे। अध्यक्ष ने चल रहे कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए मौके पर ही निर्देश जारी किए। उन्होंने कार्यकारी अभियंता को जल्द से जल्द नए प्रस्तावित कार्यों के लिए विस्तृत अनुमान तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि कार्य को जल्द से जल्द शुरू किया जा सके।

<><><><><><><>

विम्बर्लीगंज उप शिक्षा कार्यालय की ओर से कल सुबह 5.30 बजे रन विद नेचर का आयोजन किया जाएगा। कुल 10 किलोमीटर की मैराथन दौड़ चुनाभट्टा से नॉर्थ बे होते हुए वापस चुनाभट्टा में आकर सम्पन्न होगी।

<><><><><><><>